कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर कार्यक्रम मोटर वाहन विभाग (कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ मोटर व्हीकल्ज़ या DMV) में मतदान के लिए पंजीकरण को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बना रहा है। अप्रैल 2018 से, ड्राइवर लाइसेंस या पहचान (आईडी) कार्ड या पते के लेन-देन को पूरा करने वाले पात्र आवेदकों को कैलिफ़ोर्निया के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट (SOS) द्वारा मतदान के लिए पंजीकृत किया जाएगा, जब तक कि वे स्वचालित मतदाता पंजीकरण से बाहर निकलने का विकल्प नहीं चुनते हैं।

## इसके बारे में

1993 के बाद से, राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम, जिसे अक्सर मोटर वोटर कानून के रूप में जाना जाता है, ने कैलिफ़ोर्निया मोटर वाहन विभाग (DMV) में ड्राइविंग लाइसेंस या आईडी कार्ड लेनदेन के दौरान लाखों लोगों को मतदान करने या अपनी मतदाता जानकारी अपडेट करने में मदद की है।

कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर प्रोग्राम उन कैलिफ़ोर्निया वासियों पर लागू होता है जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है और जो निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते हैं:

- अमेरिकी नागरिक और कैलिफ़ोर्निया के निवासी।
- ईस समय किसी घोर अपराध के लिए दोष सिद्ध होने पर किसी राज्य या संघीय जेल में सजा न काट रहे हों (जेल में रखे गए लोगों के अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया सेक्रेट्री ऑफ़ स्टेट देखें **Voting Rights: Persons with a Criminal History**), और
- आपको किसी अदालत द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम न पाया गया हो (अधिक जानकारी के लिए, कृपया **Voting Rights: Persons Subject to Conservatorship** देखें)।

मतदाता पूर्व-पंजीकरण उन कैलिफ़ोर्निया वासियों के लिए उपलब्ध है, जिनकी आयु 16 या 17 वर्ष है। जब वे 18 वर्ष के हो जाएंगे तो वे स्वचालित रूप से मतदान के लिए पंजीकृत हो जाएंगे। DMV फील्ड ऑफिस जाने से पहले, हम अपॉइंटमेंट लेने की सलाह देते हैं। आप अपने ड्राइवर लाइसेंस या आईडी कार्ड को नवीनीकृत करने या अपना पता बदलने के लिए DMV ऑनलाइन सेवाओं का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

अगर आप इंगित करते हैं कि आप मतदान करने के योग्य हैं, तो एक बार जब आप अपना DMV लेनदेन ऑनलाइन, डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से पूरा कर लेते हैं, तो आपकी मतदाता जानकारी सुरक्षित रूप से और इलेक्ट्रॉनिक रूप से कैलिफ़ोर्निया सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को प्रेषित कर दी जाती है। एक बार जब आपकी मतदान करने की पात्रता निर्धारित हो जाती है, आपको मतदान करने के लिए पंजीकृत किया जाएगा।

AB 60 ड्राइविंग लाइसेंस वाले व्यक्ति कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर कार्यक्रम में भाग लेने के पात्र नहीं हैं और वे मतदान करने के पात्र नहीं हैं।

## मोटर वोटर के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **मोटर वोटर क्या होता है?**

  संघीय कानून के अनुसार कैलिफ़ोर्निया मोटर वाहन विभाग (DMV) ग्राहकों को ड्राइविंग लाइसेंस (DL) या पहचान (आईडी) कार्ड या पते में परिवर्तन के लेन-देन को पूरा करते हुए मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अवसर प्रदान करता है।

  राज्य के कानून और कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर प्रोग्राम के तहत, जो DMV ग्राहक इंगित करते हैं कि वे मतदान करने के योग्य हैं, वे स्वचालित रूप से मतदान करने के लिए पंजीकृत हो जाएंगे, जब तक कि वे अपने ड्राइवर लाइसेंस/आईडी या पते के लेन-देन में परिवर्तन के दौरान इससे बाहर होने का चुनाव नहीं करते हैं।

- **मुझे कैसे पता चलेगा कि मैं पंजीकरण करने और मतदान करने के योग्य हूँ या नहीं?**

  मतदान करने के योग्य होने के लिए, यह अनिवार्य है कि कोई व्यक्ति:

  1. अमेरिका का नागरिक हो
  2. कैलिफ़ोर्निया में निवास का पता हो
  3. कम से कम 18 वर्ष की आयु का हो (या अगर 16 या 17 वर्ष के हैं तो पूर्व-पंजीकरण करें, लेकिन चुनाव के दिन मतदान करने के लिए उसकी आयु 18 वर्ष या अधिक हो)
  4. इस समय किसी अपराध के लिए राज्य या संघीय जेल में सजा नहीं काट रहा/रही है, और
  5. वर्तमान में न्यायालय द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो

- **मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे पास अमेरिकी नागरिकता है?**

  अगर आप कुछ आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो आप जन्म के समय या जन्म के बाद अमेरिकी नागरिक बन सकते हैं। जन्म के समय नागरिक बनने के लिए, यह अनिवार्य है कि आप:

  - अमेरिका या संयुक्त राज्य के कुछ क्षेत्रों या बाहरी संपत्तियों में पैदा हुए हैं, और अमेरिका के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं; या
  - आपके माता-पिता नागरिक हैं या आपके जन्म के समय नागरिक थे (अगर आप विदेश में पैदा हुए थे) और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं

  जन्म के बाद नागरिक बनने के लिए, यह अनिवार्य है कि आप:

  - "व्युत्पन्न" या "अधिग्रहित" के लिए आवेदन करें citizenship through parents
  - Apply for naturalization अमेरिकी सीमा शुल्क (युनाइटेड स्टेट्स कस्टम्स) और आप्रवासन सेवाओं (इमीग्रेशन सर्विसिज़) के माध्यम से

  अधिक जानकारी के लिए, इस https://www.uscis.gov/us-citizenship पर जाएँ। अगर आप

उपरोक्त को पूरा नहीं करते हैं, तो आप नागरिक नहीं हैं और मतदान करने के लिए पंजीकरण करने के योग्य नहीं हैं।

- **क्या गैर-नागरिक मतदान के लिए पंजीकरण कर सकते हैं?**

  नहीं।

- **जब मैं अपने ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन करता/करती हूँ या उसका नवीनीकरण करता/करती हूँ, तो क्या मैं मतदान करने के लिए स्वचालित रूप से पंजीकृत हो जाऊंगा/जाऊंगी?**

  हाँ। ड्राइविंग लाइसेंस या आईडी कार्ड या पते के लेन-देन में परिवर्तन को पूरा करने वाले सभी *पात्र* व्यक्तियों को सेक्रेटरी ऑफ स्टेट द्वारा मतदान करने के लिए पंजीकृत किया जाएगा जब तक कि वे स्वचालित मतदाता पंजीकरण से बाहर निकलने का विकल्प नहीं चुनते हैं।

- **क्या DMV में अन्य लेन-देन पूरा करते समय मैं स्वचालित रूप से मतदान करने के लिए पंजीकृत हो जाऊंगा/जाऊंगी?**

  नहीं। कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर प्रोग्राम में ड्राइवर लाइसेंस, आईडी कार्ड और पते में बदलाव के लेन-देन शामिल हैं। अगर आप इनमें से किसी एक लेन-देन को पूरा नहीं कर रहे हैं, तब भी आप RegisterToVote.ca.gov पर ऑनलाइन मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

- **मेरी आयु 18 वर्ष से कम है, क्या मैं अपने लर्नर (सिखलाई) परमिट के लिए आवेदन करने पर मतदान करने के लिए पंजीकृत हो जाऊंगा/जाऊंगी?**

  अपने सिखलाई परमिट के लिए आवेदन कर रहे 16 से 17 वर्ष के व्यक्ति जो अन्य सभी मतदाता पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, वे स्वचालित रूप से मतदान के लिए पूर्व-पंजीकृत हो जाएंगे, जब तक कि वे बाहर होने का विकल्प नहीं चुनते। अगर आप पूर्व-पंजीकरण करते हैं, तो आप स्वचालित रूप से अपने 18वें जन्मदिन पर मतदान करने के लिए पंजीकृत हो जाएंगे।

- **मेरी उम्र 18 वर्ष से कम है, लेकिन मैं अगले राज्यव्यापी चुनाव में मतदान करने के योग्य हो जाऊंगा/जाऊंगी। क्या मैं स्वचालित रूप से मतदान के लिए पंजीकृत हो जाऊँगा/जाऊँगी?**

  हाँ। ड्राइवर लाइसेंस या आईडी कार्ड लेनदेन पूरा करने वाले 16 से 17 वर्ष के व्यक्ति जो अन्य सभी मतदाता पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, उन्हें मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकृत किया जाएगा, जब तक कि वे इससे बाहर रहने का विकल्प नहीं चुनते हैं। एक बार जब आप मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकृत हो जाते हैं, तो आप स्वचालित रूप से अपने 18वें जन्मदिन पर मतदान के लिए पंजीकृत हो जाएंगे।

- **जब मैं स्वचालित रूप से पंजीकृत हो जाऊँगा/जाऊँगी तो क्या मैं किसी राजनीतिक दल का चयन कर पाऊँगा/पाऊँगी?**

  हाँ। आप स्वचालित पंजीकरण के भाग के रूप में अपने राजनीतिक दल का चयन कर सकते हैं।

आप अन्य मतदाता प्राथमिकताएं भी चुन सकते हैं, जैसे कि क्या आप डाक द्वारा मतदान करना चाहते हैं या आप अपनी चुनाव सामग्री किस भाषा में प्राप्त करना चाहते हैं।

- **अगर मैं अपने रहने की जगह बदलता/बदलती हूँ, तो क्या मैं अभी भी मतदान करने के लिए पंजीकृत हूँ?**

  हाँ, लेकिन आप पिछले पते के तहत पंजीकृत होंगे और अगर आप अपने नए पते पर मतदान करना चाहते हैं तो आपको अपना पता बदलना होगा। अगर आप DMV के पास अपना पता बदलते हैं, तो आपका मतदाता रिकॉर्ड आपके नए पते के साथ अपडेट कर दिया जाएगा। हालांकि, आप RegisterToVote.ca.gov पर भी अपनी पंजीकरण जानकारी को अपडेट कर सकते हैं या अपने काउंटी चुनाव कार्यालय, लाइब्रेरियों, या यू. एस. पोस्ट ऑफिस पर उपलब्ध कागजी मतदाता पंजीकरण आवेदन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **क्या मुझे पुष्टि मिलेगी कि मैं मतदान के लिए पंजीकृत हूँ?**

  DMV द्वारा आपके लेन-देन को संसाधित करने के बाद, आपको चार सप्ताह के भीतर अपने काउंटी चुनाव अधिकारी या सेक्रेटरी ऑफ स्टेट से एक मतदाता सूचना कार्ड प्राप्त होगा। अगर आपको उस समय सीमा में सूचना कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है, तो आपको अपने स्थानीय काउंटी चुनाव अधिकारी से संपर्क करना चाहिए या VoterStatus.sos.ca.gov पर जाना चाहिए।

- **मैं कैसे पता लगा सकता/सकती हूँ कि मैं मतदान करने के लिए पहले से पंजीकृत हूँ या नहीं?**

  अपने https://voterstatus.sos.ca.gov/ मतदाता पंजीकरण की स्थिति को सत्यापित करने के लिए इस वेबसाइट पर जाएँ। आप अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। अपना निकटतम काउंटी चुनाव कार्यालय इस वेबसाइट पर जाकर खोजें: https://www.sos.ca.gov/elections/voting-resources/county-elections-offices

- **अगर मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण नहीं कराना चाहता/चाहती हूँ तो क्या होगा?**

  अगर आप मतदाता पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, लेकिन मतदान करने के लिए पंजीकरण *नहीं* कराना चाहते हैं, तो आप मतदान के लिए स्वचालित रूप से पंजीकृत होने से बाहर होने करने का विकल्प चुन सकते हैं।

- **क्या मतदान करने के लिए पंजीकरण करने से मुझे ज्यूरी ड्यूटी के लिए बुलाए जाने की अधिक संभावना होती है?**

  जरूरी नहीं है, हालांकि, DMV ज्यूरी कमिश्नर को उन ड्राइवर लाइसेंस और आईडी कार्ड धारकों की वर्तमान सूची प्रदान करता है जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं। ज्यूरी सेवाओं के लिए चुने गए सभी व्यक्तियों को यादृच्छिक रूप से चुना जाता है और स्रोतों में ग्राहक मेलिंग सूचियां, टेलीफोन निर्देशिकाएं, या इस्तेमालिता कंपनी सूचियां शामिल हो सकती हैं।

- **मैं बाहर होने का चुनाव कैसे करूं?**

ड्राइविंग लाइसेंस डीएल/आईडी पूरा करते समय या DMV के पास पते में परिवर्तन का लेनदेन करते समय, आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप मतदाता पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। अगर आप इंगित करते हैं कि आप पात्र हैं, तो आपको मतदाता पंजीकरण से बाहर निकलने का विकल्प प्रस्तुत किया जाएगा।

- **अगर मैं बाहर होने का चुनाव करता/करती हूँ तो क्या DMV अब भी मेरी जानकारी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को भेजेगा?**

  राज्य के कानून के अनुसार DMV को सभी योग्य आवेदकों के बारे में सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को जानकारी भेजने की आवश्यकता होती है। सेक्रेटरी ऑफ स्टेट उन सभी पात्र मतदाताओं को जो बाहर होने का चुनाव करते हैं, मतदान के लिए पंजीकरण करने के बारे में याद दिलाले के रूप में एक पोस्टकार्ड भेजेगा। जब तक आप मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का निर्णय नहीं लेते हैं या कोई अन्य योग्य DMV लेनदेन नहीं करते हैं, तब तक सेक्रेटरी ऑफ स्टेट आपसे आगे संपर्क नहीं करेंगे।

- **अगर मैं इंगित करता/करती हूँ कि मैं मतदान के योग्य नहीं हूँ, तो क्या DMV अब भी मेरी जानकारी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को भेजेगा?**

  नहीं, अगर आप यह इंगित करते हैं कि आप मतदान करने के योग्य नहीं हैं, तो DMV आपकी जानकारी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को *नहीं* भेजेगा।

- **अगर मैं गलती से मतदान करने के लिए पंजीकरण करा देता/देती हूँ, और मैं नहीं चाहता था/चाहती थी, तो क्या मैं इसे रद्द कर सकता/सकती हूँ?**

  हाँ। आप रद्दीकरण अनुरोध फ़ॉर्म को पूरा कर सकते हैं, और इसे अपने काउंटी चुनाव अधिकारी को लौटा सकते हैं https://elections.cdn.sos.ca.gov/pdfs/cancellation-request-form.pdfऔर आपका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। अगर आपके पास अधिक प्रश्न हैं, तो आप अपने काउंटी चुनाव अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

- **DMV प्रणाली कैसे सुनिश्चित करेगी कि केवल अमेरिकी नागरिक ही मतदान के लिए पंजीकृत हों?**

  मतदान करने के योग्य होने के लिए, यह अनिवार्य है कि आप एक अमेरिकी नागरिक और कैलिफ़ोर्निया का निवासी हों, चुनाव के दिन 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हों, वर्तमान में किसी अपराध के लिए राज्य या संघीय जेल की सजा न काट रहे हों, और आपको वर्तमान में किसी अदालत द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो।

  राज्य का कानून DMV को सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को CA 60 आवेदकों (अदस्तावेज़ित चालक लाइसेंस आवेदकों) के लिए सूचना भेजने से रोकता है। अन्य आवेदकों के लिए, राज्य के कानून के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को झूठी गवाही के लिए दंड के तहत घोषित करने की आवश्यकता होती है कि वे नागरिकता सहित सभी मतदाता पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

- **क्या गंभीर अपराध के अपराधी मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं?**

  कोई व्यक्ति जो वर्तमान में किसी घोर अपराध के लिए दोष सिद्ध होने पर किसी राज्य या संघीय जेल में सजा काट रहा है, वह मतदान के लिए पंजीकरण करने के योग्य नहीं है (जेल में रखे गए लोगों के अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया सेक्रेट्री ऑफ़ स्टेट की Voting Rights: Persons with a Criminal Historyदेखें)।

- **DMV और सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मेरी मतदाता पंजीकरण जानकारी के साथ क्या करते हैं?**

  राज्य के कानून के अनुसार DMV को आपके मतदाता पंजीकरण पर प्रक्रिया करने के लिए या अगर आप मतदाता पंजीकरण से बाहर रहने का विकल्प चुनते हैं, तो मतदान के लिए पंजीकरण करने के बारे में एक अनुस्मारक भेजने के लिए, सभी योग्य ड्राइवर लाइसेंस और आईडी आवेदकों के बारे में जानकारी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। अगर आपकी मतदाता पंजीकरण जानकारी अधूरी है, तो सेक्रेटरी ऑफ स्टेट डाक द्वारा आपसे संपर्क करेंगे। एक बार जब आपके मतदाता पंजीकरण पर प्रक्रिया हो जाती है और उसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो आपकी जानकारी आपके काउंटी चुनाव अधिकारी के साथ साझा की जाएगी। आप स्थानीय, काउंटी, राज्यव्यापी और संघीय चुनावों में मतदान करने के पात्र होंगे।

- **मेरा निकटतम DMV फील्ड ऑफिस कहाँ है?**

  आप अपने नजदीकी फील्ड ऑफिस के लिए यहाँ खोज सकते हैं।**www.dmv.ca.gov** होमपेज के सामने एक फील्ड ऑफिस फाइंडर विकल्प है

## **मोटर वोटर लोक सेवा घोषणा**

कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर प्रोग्राम DMV में मतदान करने के लिए पंजीकरण को अधिक सुविधाजनक बनाता है।

अब, DMV में ड्राइवर लाइसेंस, आईडी, या पते के लेन-देन को पूरा करने वाले सभी पात्र आवेदकों को कैलिफ़ोर्निया सेक्रेटरी ऑफ स्टेट द्वारा मतदान करने के लिए पंजीकृत किया जाएगा, जब तक कि वे बाहर रहने करने का विकल्प नहीं चुनते।

16 या 17 वर्ष की आयु के पात्र कैलिफ़ोर्निया वासियों के लिए मतदाता पूर्व-पंजीकरण भी उपलब्ध है।

इस वेबसाइट पर जाकर अधिक जानें MotorVoter.sos.ca.gov

## **एक-पृष्ठ का फ़्लायर:**

अगर आप पात्र हैं, तो आपको स्वचालित रूप से DMV पर मतदान करने के लिए पंजीकृत किया जाएगा जब

आप:

- ड्राइवर लाइसेंस या आईडी कार्ड के लिए आवेदन करते हैं
- ड्राइवर लाइसेंस या आईडी कार्ड का नवीनीकरण करते हैं
- अपना पता बदलते हैं

जब तक कि आप बाहर रहने का विकल्प नहीं चुनते। इसमें पात्र 16 और 17 वर्ष के बच्चों के लिए पूर्व-पंजीकरण शामिल है। कैलिफ़ोर्निया मोटर वोटर प्रोग्राम और मतदाता पात्रता आवश्यकताओं के बारे में यहाँ अधिक जानें: https://www.sos.ca.gov/elections/california-motor-voter